माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक : 1790 /07 /प्रशा0/MSU/2023–24 दिनांक : 11-01-2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या

समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय

विषयः 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने तथा दिनांक : 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या–मु0स0–02/सत्तर–3–2024, दिनांक : 10 जनवरी, 2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि आगामी 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी, तदोपरान्त दिनांक : 24 जनवरी, 2024 को प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा एवं 26 जनवरी, 2024 को गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व है।

शासन के उक्त पत्र द्वारा निर्देशित किया गया है कि प्रदेश के समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आगामी 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य, स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाये, जिसमें विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों के अन्दर कक्षों में, परिसर में एवं उसके आस–पास किसी प्रकार की गन्दगी या प्लास्टिक आदि पूरी तरह साफ कर दिया जाये, जिससे परिसर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया है कि दिनांक : 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच सभी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जाये।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि संलग्न पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालन आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक – यथोपरि।

भवदीय

11.1.24

कुलसचिव

प्रतिलिपि अधोलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
02. समन्वयक शैक्षणिक।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव।
05. विश्वविद्यालय अभियन्ता।
06. कुलपति कार्यालय को कुलपति महोदय के सूचनार्थ।

कुलसचिव

महत्वपूर्ण

संख्या–मु.सु.-02/सत्तर–3–2024

प्रेषक,

गिरिजेश कुमार त्यागी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

2. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

3. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ : दिनांक 10 जनवरी, 2024

विषय : प्रदेश के राज्य/निजी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाये जाने तथा दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि आगामी दिनांक 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि में बन रहे मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तदोपरान्त दिनांक 24 जनवरी को प्रदेश में उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जाएगा एवं दिनांक 26 जनवरी को गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व है।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आगामी दिनांक 14 जनवरी से 21 जनवरी, 2024 के मध्य स्वच्छता का विशेष अभियान चलाया जाये, जिसमें विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के अन्दर कक्षों में, परिसर में एवं उसके आस–पास किसी प्रकार की गन्दगी या प्लास्टिक आदि पूरी तरह साफ कर दिया जाये, जिससे परिसर स्वच्छ एवं सुन्दर दिखे।

3– इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया जाता है कि दिनांक 22 जनवरी से 26 जनवरी, 2024 के बीच सभी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के भवनों को प्रकाशित किया जाय।

भवदीय,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

ARUN G.O.

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित है कि अपने अधीनस्थ सभी महाविद्यालयों में उक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(गिरिजेश कुमार त्यागी)
विशेष सचिव।

ARUN G.O.